तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025

12 भक्ति से बिगड़े काम भी बन जाते हैं : आचार्य हरीश चतुर्वेदी



11 नाम है पुष्पवाटिका... जहां होती है नशाखोरी ...





## अभियान : नए मतदाता जुड़ेंगे, मतदाता सूची होगी पूरी तरह पारदर्शी

# घर-घर होगी मतदाता गणना, एसआईआर अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लोकतंत्र की मजबूती और पारदर्शी मतदान की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए दल्लीराजहरा शहर सहित पूरे क्षेत्र में स्पेशल समरी रिविजन एसआईआर 2025 का अभियान शुरू हो गया है। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर यह विशेष अभियान अब घर-घर चलाया जा रहा है, जिसके तहत ब्लॉक लेवल ऑफिसर नागरिकों के द्वार पहुंचकर गणना पत्र वितरित कर रहे हैं और मतदाता सूची के अद्यतन का कार्य कर रहे हैं।

### घर-घर पहुंचे बीएलओ - गणना पत्रों का वितरण जारी

चुनाव आयोग की मंशा के अनुरूप इस बार मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन और त्रुटि रहित बनाने पर जोर दिया जा रहा है। बीएलओ प्रत्येक घर जाकर नागरिकों को फॉर्म जानकारी दे रहे हैं। नागरिकों से अपील की जा रही है कि वे फॉर्मों को सही जानकारी के साथ भरें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मताधिकार से वंचित न रह जाए। इस बार का एसआईआरअभियान पूरी तरह डिजिटल और साक्ष्य-आधारित है। बीएलओ घर-घर सर्वे के साथ-साथ मोबाइल एप और पोर्टल पर भी डेटा अपलोड कर रहे हैं। इससे ऐसे मतदाताओं की पहचान हो सकेगी जिनके नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं या जो अब उस पते पर निवास नहीं करते। नए और युवा मतदाताओं को जोड़ने पर विशेष ध्यान,दल्लीराजहरा क्षेत्र के विद्यालयों और कॉलेजों में भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।प्रथम बार मतदान के पात्र बने युवाओं को पंजीयन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बीएलओ विद्यार्थियों को फॉर्म भरने में मदद कर रहे हैं ताकि 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले प्रत्येक नागरिक को मतदाता सूची में शामिल किया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि इस बार की गणना प्रक्रिया जनभागीदारी पर आधारित है। नागरिक अपने घर आने वाले बीएलओ को सही जानकारी दें और अपने परिवार के सभी सदस्यों का नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं। उन्होंने कहा सटीक और शुद्ध मतदाता सूची ही लोकतंत्र की असली ताकत है। हर व्यक्ति की भागीदारी इस अभियान को सफल बनाएगी।



लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम

एसआईआर अभियान से न केवल मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में मदद मिलेगी बल्कि आने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों में निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित किया जा सकेगा।यह पहल मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक और जनहितकारी प्रयास साबित होगी। अब हर घर से उठेगी सही जानकारी की आवाज मतदाता सूची होगी पारदर्शी, सटीक और विश्वसनीय। लोकतंत्र की यह गणना सिर्फ आंकड़ों की नहीं, नागरिक जिम्मेदारी की गिनती भी है।



### पुनरीक्षण अभियान जारी, बीएलओ कर रहे घर-घर सर्वे

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बालोद जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य को पूरी सावधानी एवं सतर्कता के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य पूरी सावधानी एवं तत्परता के साथ किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्यों के लिए नियुक्त किए गए बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा घर–घर जाकर गणना पत्रक को भरवाने एवं वितरण करने का कार्य किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य अंतर्गत जिनके नाम वर्ष–2003 एवं वर्ष 2025 की मतदाता सूची में दर्ज है एवं जिनका ईपिक नंबर भी मेल खा रहा है। ऐसे अभिलेखों का सत्यापन बीएलओ एप्प में संबंधित बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से शत–प्रतिशत पूर्ण कराया जा रहा है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

अपने घर गुण्डरदेही लौट रहे युवक की बीते मंगलवार की शाम 7 बजे अज्ञात वाहन की ठोकर लगने से मौत हो गई। घटना ग्राम चीरचार पुल के पास की है। ठोकर से युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, सूचना मिलते ही अर्जुन्दा पुलिस पुलिस पहुंच कर शव का पंचनामा कर गुंडरदेही पीएम के लिए भेज कर पुलिस जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार 26 वर्षीय टिकेंद्र देवांगन पिता पुरूषोतम देवांगन जो कि अपने मोटरसाइकिल सीजी 24 एल 0807 से अवने दीदी जीजा से मिलकर उनके घर नवागांव से अपने घर लौटते वक्त सड़क दुर्घटना में चीरचार में दर्दनाक हादसे में मौत हो गई, घटना को देखकर आशंका जताई जा रही है, ओवर टेक कर अज्ञात वाहन के ठोकर लगने से मौके मे ही मौत हो गई।

- चीरचार पुल के पास हुआ हादसा

गौर हो कि चीरचार से भरदाकला सड़क पर सैकड़ों जानलेवा गड्ढे है, आए दिन सड़क पर छुटपुट घटनाएं होती रहती है, फिर भी खराब सड़क पर चलना राहगीरों की मजबूरी बन गई, गौर हो कि बीते दस दिन पहले ही भरदा कला में चार गाय की मौत सड़क पर हुई थी। समय रहते सड़को की मरम्मत हो तो हादसों में कमी आएगी।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की ठोकर से स्कूटी सवार घायल

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही एक ट्रक ने स्कूटी सवार को चपेट में लिया।आसपास के लोगों ने उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया है। मिली जानकारी के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर भिलाई तीन में तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने स्कूटी सवार को जोरदार ठोकर मार दिया। घटना में स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। घायल का नाम बोरसी दुर्ग निवासी राजेश बताया जा रहा है। घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। भिलाई तीन थाने में फिलहाल शिकायत दर्ज नहीं हो पाई है। जहां पर हादसा हुआ है अक्तर भारी वाहनों की आवाजाही के कारण दो पहिया वाहनों को दिक्कत होती है। अक्सर हादसे में यहां उक्त लोग ही चपेट में आते है।

### कार की ठोकर से वृद्ध की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने वृद्ध को ठोकर मार दिया। वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुपेला थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक सीजी 07 सीजेड 7779 के चालक ने तेज रफ्तार से कार चलाते हुए वृद्ध को ठोकर मार दिया। जिसकी मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक के शव का शिनाख्त खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई है। मामले में सुपेला पुलिस मृतक का शिनाख्त करने में जुटी हुई है। बताया तो यह भी जा रहा है वृद्ध नशे की हालत में सड़क के आसपास घूमा करता था।

### तेज रफ्तार कार ने पांच मवेशियों को रौंदा

भिलाई। तेज रफ्तार से आ रही कार ने पांच मवेशियों को रौंद दिया है। घटना नेवई थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार को सड़क पर बैठी मवेशियों पर तेज रफ्तार कार ने रौंदते हुए आगे बढ़ गया। हादसे में गर्भवती एक मवेशी का पैर टूट गया। जबकि अन्य चार मवेशी गंभीर रुप से घायल है। जिसका पूरा वीडियों सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। कृष्णा टॉकीज रोड पर गुप्ता फर्नीचर के सामने की घटना है। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि हवा में उड़ रही थी। खबर है कि कार को एक महिला चला रही थी। वार्ड 23 प्रगति नगर धर्मेंद्र भगत ने बताया कि घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने शोर मचाया और कार का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन चालक फरार हो गया।

### दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल की कैद

**दुर्ग।** उतई थाना अंतर्गत निवासरत युवती से डरा धमकाकर दुष्कर्म करने वाले को न्यायालय ने 10 साल के कारावास से दंडित किया। आरोपी पर 2 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 1 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। न्यायाधीश अवध किशोर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 12 मार्च 2024 की है।

# गर्भवती गाय को हसिया से मारा खेत में गई तो जनप्रतिनिधि की दरिंदगी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बालोद जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के अंतिम छोर पर बसे ग्राम सिरसिदा में उपसरपंच दामिनी और उनके पति अक्षय चंद्राकर की दादागिरी सामने आई है। अक्षय चंद्राकर और उनकी पत्नी द्वारा एक चंद्राकर परिवार की गाय के साथ निर्दयता बरती गई है। गाय के पैर का नस हंसिया से काट दिया गया है। दरअसलना बुधवार की शाम 4:30 बजे की है। बबीता चंद्राकर के घर की एक गर्भवती गाय चरते फिरते अक्षय चंद्राकर के खेत चली गई थी। जिसे देखकर आग बबूला होते हुए अक्षय चंद्राकर द्वारा अपने पास रखे हंसिया से गर्भवती गाय के पीछे के एक पैर को काट दिया गया। इस वार से गाय के एक पैर का नस कट गया। जिससे गर्भवती गाय बुरी तरह घायल हो गई और लड़खड़ाते गिरते पड़ते जैसे तैसे शाम को घर पहुंची।

- गर्भवती गाय के साथ निर्दयता की, आरोपी अब इलाज करवाने से कर रहा इंकार
- दो दिन तक खून बहता रहा, गाय तड़पती रही, धमकी देकर बोले- घर आओगे तो गाय की तरह काट देंगे

घर वालों ने देखा तो स्थिति देख चौंक गए। 48 घंटे यानी दो दिन और दो रात तक लगातार एक फव्वारे की तरह नस कटे होने से गाय का खून जमीन पर बहता रहा। घटना की जानकारी मिलने पर जब बबीता चंद्राकर ने अक्षय की पत्नी उप सरपंच दामिनी चंद्राकर को फोन करके कहा कि गाय बुरी तरह घायल है। उनका इलाज कराओ, वरना हम थाने में शिकायत करेंगे। तो उपसरपंच दामिनी चंद्राकर द्वारा जो करना है कर लो कहकर धमकी देने लगी और विवाद करने घर आओगे तो गाय की तरह उन्हें भी काट देंगे कहा जाने लगा, उल्टा कहने लगी कि क्यों हमारे खेत में गाय भेजी हो, हमारे खेत में गाय नहीं आनी चाहिए। इसी तरह उप सरपंच के पति अक्षय चंद्राकर द्वारा फोन पर ही आना कानी की जाने लगी।

फिर आश्वासन दिया गया। उनका इलाज करवाएंगे। दो बार पशु चिकित्सक को उनके द्वारा पहले बुलवाया भी गया। खून बहना फिलहाल बंद हुआ है लेकिन इलाज अभी बाकी है। पर अब अक्षय चंद्राकर द्वारा इलाज कराने से मना किया जा रहा है। ऐसे में पीड़ित पशुपालक ने मीडिया के जरिए अपनी आवाज उठाते हुए ऐसे गाय के साथ निर्दय व्यवहार करने वालों पर उचित कार्रवाई की मांग की है। उनकी गौमाता गर्भवती भी है।

# सीएमएचओ से स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ ने अपनी मांगें रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ जिला बालोद के जिलाध्यक्ष आरएस मंडावी के द्वारा अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के सम्बंध में जिलाधीश व सी.एम.एच.ओ. से भेंट कर त्वरित निराकरण हेतु मांग की गई है।

कर्मचारी संघ मांग की है कि ऑनलाइन डाटा एन्ट्री संबंधित कार्य हेतु वर्ष 2022–24 एवं 2024–25, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा आरओपी के अंतर्गत राशि आबंटित कर प्रतिमाह के दर से 200 रूपये मोबाईल रिचार्ज व 300 रू. प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रतिमाह कुल 500 रूपये देय था, जो आज दिनांक तक अप्राप्त है। जो कि एक जांच का विषय है। संघ ने कमेटी गठित कर जांच करायी जावे । कर्मचारी संघ ने बताया कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बालोद द्वारा 10 जुलाई को जारी पत्र क्रमांक /स्वा. विभाग/2025/4214 को पत्रचार आदेश का खण्ड चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा पालन नहीं किये जाने से स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों से भेदभाव व द्वेषपूर्ण, दबावपूर्वक कार्य कराये जाने की मनसा प्रतीत होता है। आदेश का पालन कराने की मांग संघ ने की है। संयुक्त संचालनालय के दिशा निर्देश के अनुसार सर्वप्रथम प्रमुखता के आधार पर संबंधित कार्य सम्पादित करने की आदेश जारी किये गये हैं।

जबकि, सी.एच.ओ., पी.ए.डी.ए. एवं जे.एस.ए. को ऑनलाइन एन्ट्री करने की दक्षता व संसाधन मुहैया उपलब्ध कराये गये है। जैसे लेपटॉप व टेबलेट प्रदान किये गये है। उसके बावजूद भी ऑनलाइन डाटा एन्ट्री हेतु स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों को सहयोग प्रदान नहलृ किया जाता, जिससे ऑनलाइन डाटा एन्ट्री जिला व राज्य स्तरीय विभाग की छबि को धूमिल करने का प्रयास उनके माध्यम से किया जा रहा है।. सी.एच. ओ. की कार्यदायित्व के आधार पर एवं व्यक्तिगत उपलब्धि पर 40 प्रतिशत इनसेंटिव प्राप्त करने का पात्रता दी गई है, मामले मे संघ ने आरोप लगाया कि सी.एच.ओ. के द्वारा केवल एन.सी.डी. का कार्य करते हुए इनसेंटिय का लाभ लेते हुए पाया गया है। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी के कार्यों में बिना सहयोग प्रदान किये गये स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारियों के द्वारा सम्पादित कार्यों की उपलब्धि को अपने दावा पत्रक में प्रविष्टि दिखाकर इनसेंटिव का लाभ ले रहे है। अतः उनके दावा पत्रक की पुष्टि मासिक समीक्षा बैठक सुपरवाइजर व बी.टी.ओ. के द्वारा उनके साथ पदस्थ स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी से सत्यापन पश्चात ही उनका इनसेंटिव मान्य पर प्रदान किया जाए।

- ऑनलाइन डाटा एंट्री प्रोत्साहन राशि भुगतान में देरी पर कर्मचारियों में नाराजगी

खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डी द्वारा 06 अक्टुबर को 09 कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस प्रदान किया गया है। जबकि, स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी महिल, पुरूष 15–15 की संख्या में थे, उसके उपरांत भी विकासखण्ड डाटा मैनेजर व खण्ड चिकित्सा अधिकारी डौण्डी के द्वारा एक महिला कर्मचारी के गरिमा के विरूद्ध अनुचित व्यवहार किया गया। संघ ने मांग की है कि डाटा मैनेजर को बर्खास्त करे एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी को स्थानांतरित करने की कार्यवाही किया जावे। क्योंकि स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ खण्ड चिकित्सा अधिकारी के द्वारा स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी के ऊपर लगाये गये आरोप को सत्यापित किये बिना कार्यवाही किया जाना न्यायोचित नहीं मानते।

## दातून तोड़ने को लेकर अधेड़ महिला की हत्या करने वाला पकड़ा गया

**भिलाई।** दातून तोड़कर फेकने को लेकर हुए विवाद में एक महिला ने अधेड़ महिला के साथ धक्का मुक्की कर उसे मौत के घाट उतार दिया। अधेड़ को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम बोरीद निवासी रूप राम बघेल ने शिकायत किया कि पत्नी राधाबाई बघेल 52 वर्ष का हेमा भारती के साथ सुबह दातून तोड़ कर फेंकने को लेकर विवाद हुआ था। ग्राम बोरीद में हाथ मुक्का लात से राधा बाई के साथ हेमा भारती ने मारपीट की, राधा को अंदरूनी चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपिया हेमा भारती मृतका के साथ मारपीट कर हत्या की है।

## कुम्हली में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का किया गया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गुंडरदेही ब्लॉक के ग्राम कुम्हली (मोखा) में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने फीता काट कर इस भवन का उद्घाटन किया।

- कुम्हली में बच्चों के लिए मिली नई आंगनबाड़ी भवन

पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि यह आंगनबाड़ी भवन गांव के बच्चों के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चे को बेहतर पोषण मिले और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा से उसका सर्वांगीण विकास हो। यह नया भवन इस दिशा में एक मजबूत नलृव का काम करेगा। नए भवन में स्वच्छ वातावरण, खेल–कूद के लिए पर्याप्त जगह और शिक्षण सामग्री उपलब्ध है। तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा हमारी सरकार बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए संकल्पित है। बच्चों को कुपोशण से बचाने गर्भवती माताओं का भी पुरा ध्यान रखा जाता है जिससे बच्चे स्वस्थ व तुदरुस्त हों। आंगनबाड़ीयों मे लगातार सुविधा विस्तार हो रहा है। नवीन भवन बन रहे है।

लोकार्पण समारोह में जनपद सदस्यद्वय रामेश्वर चंद्राकर, दीपक साहू, कौशल साहू ,महेंद्र साहू सरपंच, सोसायटी अध्यक्ष, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## गुरुनानक देव के संदेशों से नैतिकता और संस्कारों की सीख मिलती है

# श्री गुरुनानक के 556वें प्रकाश उत्सव पर हुआ भव्य समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

श्री गुरुनानक देव जी के 556 वे प्रकाश पर्व की लख लख बधाईयां एक दूसरे को देते हुए सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर ने बुधवार को डॉ हेडगेवार सदन में गुरुनानक देव जी की जीवन दर्शन पर आधारित भाषण, निबंध, कविता, रंगोली, वेशभूषा आदि स्पर्धा समारोह पूर्वक आयोजित हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के दुर्ग संभाग प्रभारी डॉ राघवेंद्र मिश्रा थे। अध्यक्षता विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने किया। विशेष अतिथि संस्थान के रुप मे दुर्ग विभाग समन्वयक हरिश्चंद साहू मंचासिन रहे। उल्लेखनीय है कि विद्यालय में सिख धर्म का एक भी अनुयायि विद्यालय में नहलृ है, किन्तु विद्यालय पिछले कई वर्षों से प्रकाश पर्व समारोह आयोजित कर विधाणथयो को गुरुनानक देव के जीवन दर्शन से अवगत कराते हुए नैतिक संस्कारित मूल्य आधारित जीवन जीने के लिए प्रेरित करते है। प्राचार्य पीएल बारले, पवन बंछोर ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ राघवेंद्र मिश्रा ने कहा कि संत सर्व मानव और प्राणी जगत के कल्याण के भाव के साथ आत्मकल्याण के पथ पर आगे बढ़ते है। गुरुनानक देव ने ईमानदारी, मेहनत, दया, दान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए लोभ, लालच, संग्रहवृति जैसी बुराइयों से बचने की प्रभावी प्रेरणा दिए। उन्होंने कहा कि गुरुनानक देव का संदेश जो प्राप्त है वह पर्याप्त है, इस संतोष धन के धनी प्रसन्न चित जीवन जीया करते है। गुरुनानक देव का यह सिद्धांत मानव को मानवता के दायरे में सरलता के साथ जीना सिखाता। हरीश चन्द साहू ने कहा कि भारत संत मनीषियों विदुषियों की भूमि है, जहां ज्ञान की अविरल गंगा प्रवाहित होते रहती है। संत श्री गुरुनानक देव ने सरल जीवन को सुंदर जीवन बताते हुए कहा कि सरलता में ही मानवता वास करती है और मानव जीवन इस सृष्टि का दुर्लभ उपहार है। जिसका उपयोग सदैव उपासना भक्ति ईमानदारी मेहनत जरूरतमंदों की सहायता के लिए करने तत्पर रहना चाहिए।





विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि गुरुनानक देव सर्व मानव समाज को जीवन को जीने के लिए जो मार्ग दिखाए आज उस पर चलने की आवश्यकता है। संतो के संदेश को आत्मसात कर जीवन जीने वालों को सुकून भरी राह मिलती है। गुरुनानक देव ने ईश्वर एक है का प्रभावी संदेश देते हुए ईश्वर की उपासना आराधना का मार्ग बताए। इस अवसर पर हाथेश्वर साहू, शशि यादव, दिव्या चंद्राकर, परमानंद टंडन, डामिन साहू, दीपिका, प्रीति साहू, सुनीता सेन, कविता साव सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन दिव्या चंद्राकर ने किया।

गुरुनानक देव पर चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता हुई, रंगोली प्रतियोगिता में यास्मीन प्रिया टिकेश्वरी, चित्रकला में चिराग, क्षमा, गीत प्रतियोगिता में दीक्षा और क्षमा, भाषण प्रतियोगिता में शुभ्रा, जीवनी प्रतियोगिता में चांदनी, वेश भूषा में उमंग, निबंध प्रतियोगिता में वीना साहू, डाली को श्रेष्ठता का सम्मान प्रदान किया गया। चित्रकला में भाग लिए भैय्या बहन लोकम्या 6वी ,मीत 6वी,चिराग 5वी ,उमंग 5वी, वीणा 7वी, संध्या यादव 7वी, क्षमा 7वी ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में रुद्र कुमार 8वी, वीणा 7वी, डाली 12वी, नारायणी 10वी, हणषत 10वी ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए।

